# PROSPECTUS

# Nari Shiksha Niketan P.G. College Lucknow

## (Established 1963)

Padam Shri. Mona Chandrawati Gupta Marg,
Kaiserbagh, Lucknow.
**Phone No:** 0522-2628709 **website :** narishikshaniketanpgcollege.com

# नारी शिक्षा निकेतन, स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय

**'राष्ट्र का विकास नारियों के उत्थान और शिक्षा के बिना अपूर्ण है'**, इस ध्येय को सम्मुख रखकर **पद्मश्री श्रीमती मोना चन्द्रावती गुप्ता** ने **'सोशल सर्विस लीग'** की स्थापना की। इस संस्था ने विभिन्न सामाजिक कल्याणपरक कार्यक्रमों के माध्यम से नारियों में यह चेतना प्रसारित करने का अथक प्रयास किया कि उन्हें राष्ट्र विकास तथा लोकमंगल में अपना सक्रिय योगदान देना है।

सन् 1945 में पूर्ण निष्ठा, उत्साह और दृढ़ संकल्प लेकर मात्र कुछ कमरों व छोटे से बरामदे में एक छोटी सी शिक्षण संस्था की नींव रखी और उसका नाम **'वीमेन्स एकेडमी'** रखा गया। देश को स्वतन्त्रता मिलने पर राष्ट्रीयता के नूतन आदर्शों से प्रेरित होकर **'वुमेन सोशल सर्विस लीग'** तथा **'वीमेन्स एकेडमी'** का नामकरण क्रमशः **'नारी सेवा समिति'** तथा **'नारी शिक्षा निकेतन'** किया गया। एक मंगलमय संकल्प के प्रति समर्पित प्राचार्या, व्यवस्थापकों की निष्ठा एवं सेवा भाव, शिक्षिका वर्ग की लगन और अथाह परिश्रम के परिणामस्वरूप उन्नति की ओर कदम दर कदम बढ़ाते हुए इस छोटी सी संस्था ने शनैः शनैः एक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का रुप धारण कर लिया, यह निश्चय ही गर्व का विषय है।

यह महाविद्यालय 16 जुलाई 1963 में नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय के रुप में लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ। इस महाविद्यालय को 1963 में ही यू.जी.सी. अधिनियम 1956 के अर्न्तगत 2 (f) एवं 12 (B) की नियमित सम्बद्धता प्राप्त हुई। अपेक्षाकृत अत्यल्प समय में ही इसने नगर के प्रमुख शिक्षा–संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान बना लिया।

इस महाविद्यालय में ज्ञानार्जन करने वाली छात्राएं ललित कला, खेलकूद, चिकित्सा, प्रशासन आदि जीवन के विविध क्षेत्रों में ख्याति अर्जित कर इस महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही है। इस महाविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम दिये हैं। यहाँ विभिन्न क्षेत्रों में निपुण प्रवक्ताओं, कलाकारों, लेखकों एवं साहित्यकारों का होना एक सुखद संयोग है।

महाविद्यालय की स्थिति अपने चारों ओर पुरातन व आधुनिक ज्ञान–विज्ञान, कला और संस्कृति का असाधारण संयोग प्रदान करती है। इसके एक ओर स्थित मच्छी भवन द्वार, बारादरी और प्राचीन आवासीय भवन नवाबी शोभा देते है वहीं दूसरी ओर छत्तरमंजिल है। महाविद्यालय के निकट भातखंडे विश्वविद्यालय है जो संगीत, नृत्य आदि ललित कलाओं के प्रति अभिरूचि को जाग्रत करता है। महाविद्यालय की बाउन्ड्री वॉल से लगा हुआ उत्तर प्रदेश का पुरातत्व निदेशालय है।

हमारी संस्था इन सभी मौन संदेशवाहकों के प्रति सजग तथा इनके द्वारा प्रदर्शित पथ पर चलने के लिए संकल्प बद्ध है। इसके अतिरिक्त इसकी विशिष्ट स्थिति यातायात संसाधनों के केन्द्र स्थल पास होने के कारण छात्राओं के आवागमन की दृष्टि से अत्यधिक सुविधाजनक है। हमारे महाविद्यालय के पास उपयुक्त भवन है। विज्ञान संकाय का अलग ब्लाक है, जो सुविधा सम्पन्न प्रयोगशालाओं से युक्त है। महाविद्यालय में **कला, विज्ञान व वाणिज्य** तीन संकाय है। कला संकाय में 14 विषयों, विज्ञान में 4 तथा वाणिज्य में सभी अनिवार्य विषयों की शिक्षा दी जाती है। **कला एवं विज्ञान संकाय नियमित तथा वाणिज्य स्ववित्तपोषित है**। कला संकाय में मनोविज्ञान का पाठ्यक्रम भी **स्ववित्तपोषित** है। **महाविद्यालय** में हिन्दी पाठयक्रम में स्नातकोत्तर (एम0ए0) की कक्षाएं चलती है।

**विज्ञान संकाय** के अन्तर्गत जिसमें सभी विषयों–वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, जन्तु विज्ञान एवं मानव शास्त्र की पृथक–पृथक आधुनिक उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाएं है। विद्यार्थियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से पाठ्यक्रम सम्बन्धी सन्दर्भ पुस्तकें उपलब्ध है।

**कला संकाय** में शिक्षाशास्त्र, मानवशास्त्र एवं मनोविज्ञान विषयों से सम्बन्धित प्रयोगशालाएं हैं जिसमें विद्यार्थियों को गहन ज्ञान प्रदान करने की दृष्टि से आवश्यक उपकरण, मनोविज्ञान परीक्षण एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। सभी विभागों में उच्चस्तरीय पुस्तकों का संग्रह है, जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

**शारीरिक शिक्षा** विभाग विभिन्न प्रकार के खेल संसाधनों एवं उपकरणों से समृद्ध है। छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे योग, वॉलीबॉल, खो–खो, एथलेटिक्स तथा कबड्डी आदि का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय की छात्राएं प्रतिवर्ष अंतर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहीं हैं।

**पुस्तकालय** में सभी विषयों से सम्बद्ध लगभग 25000 पुस्तकें उपलब्ध है। छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करने एवं ज्ञानवर्द्धन हेतु विविध पत्र–पत्रिकाओं की व्यवस्था है–

**Magazine:**

I) Science: Chemistry Today, Biology Today, Science Reporter, Vigyan Pragati and Biological Journal.

II) Commerce: Business India and Business World.

III) Arts: Kadambari, Hans, India Today, Kurushetra and Yojna.

IV) Competitive: Pratiyogita Darpan, Competition Success Review.

V) News Paper: The Hindu, Times of India, Economics Times दैनिक जागरण, अमर उजाला, नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान, जनसंदेश, स्वतंत्र भारत, तथा Employment News.

**महाविद्यालय** को सन् 2009 में नैक द्वारा मान्यता प्राप्त हुई। महाविद्यालय में यू0जी0सी0 द्वारा अनुमोदित अनेक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है–

1. **रेमेडियल क्लासेस** : महाविद्यालय में रेमेडियल कक्षाओं की व्यवस्था की गई है जहाँ छात्रायें अपनी समस्याओं का समाधान कर सकती है। इसका अपना एक स्वतंत्र पुस्तकालय भी है।

2. **रिसोर्स सेन्टर** : यहाँ छात्राओं को कम्प्यूटर पर कार्य करने की सुविधा प्राप्त है।

3. **एन0सी0सी** : महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की 19वीं बटालियन स्थित है।

4. **एन0एस0एस0** : महाविद्यालय में एन0एस0एस0 की दो यूनिट कार्यरत है जिसमें 200 छात्रायें भाग ले सकती हैं।

**ऑडिटोरियम** छात्राओं की कलात्मक अभिरूचि को अभिव्यक्ति देने के लिए संस्था के पास विशाल नाट्य कला केन्द्र है जहाँ 1400 दर्शकों के बैठने की सुविधा है।

**कौशल विकास** इसके अतिरिक्त नारी सेवा समिति द्वारा संचालित नारी कला मंदिर भी है जहाँ 13 विषयों में पूर्णकालिक एवं अर्द्धकालिक व्यवसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध है। छात्रायें इसका लाभ उठाकर अपनी योग्यताओं को विकसित कर जीवकोपार्जन में सक्षम बन सकती हैं।

## महत्वपूर्ण निर्देश :

1. सत्र 2018–19 से लखनऊ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बी0ए0, बी0एससी0 एवं बी0काम0 में सेमेस्टर व्यवस्था लागू कर दी गई है।

2. सत्र 2021–22 से लखनऊ विश्वविद्यालय के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 महाविद्यालय में लागू हो चुकी है।

3. सेमेस्टर व्यवस्था के अन्तर्गत वर्ष में दो बार लिखित परीक्षाएं आयोजित की जायेगी। इसके अतिरिक्त आन्तरिक मूल्यांकन की भी व्यवस्था की गई है जिसमें प्रत्येक छात्रा के लिए प्रोजेक्ट/असाइन्मेंट एवं मौखिक परीक्षा अनिवार्य है। विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रत्येक छात्रा की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। आन्तरिक मूल्यांकन में उपस्थिति के अंक सम्मिलित किये जायेंगें।

4. **प्रवेश के समय प्रत्येक छात्रा द्वारा स्वयं संचालित मोबाइल नं0 एवं ई0मेल0 आइ0डी0 देना अनिवार्य होगा।** इसी मोबाइल नं0 पर प्रवेश, परीक्षा एवं अन्य आवश्यक सूचनायें प्रेषित की जायेंगी। नैक (प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद) द्वारा छात्राओं से उनके ई0मेल पर फीड बैक मांगा जा सकता हैं।

# COURSES

## UNDERGRADUATE

**योग्यता/Eligibility**

**1. B.A. /बी0ए0 -**

इण्टरमीडियट या समकक्ष परीक्षा में सामान्य एवं ओ.बी.सी. वर्ग के अभ्यर्थियों को कम से कम 40% अंक एवं अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 33% अनिवार्य है। यह प्रतिशत समस्त विषयों के प्राप्तांकों पर आधारित है।

The minimum marks required for General and Other Backward Classes candidates is 40% of marks in intermediate or equivalent examination and for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is 33% of marks in intermediate or equivalent examination. This percentage is based upon total marks of all the subjects.

**Choice of Subject**

अभ्यर्थी को प्रवेश के समय तीन विषयों का चयन करना होगा, जिसमें दो विषय मेजर और एक माइनर होंगे। एक समूह में से केवल एक ही विषय चुना जा सकता है।

Candidates have to select three subjects from any three of the following groups opting. Only one subject from a group can be selected.

✶ अभ्यर्थी दो से अधिक साहित्यिक विषयों का चयन नहीं कर सकता है। (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत)

| Group | Subject |
|---|---|
| Group A | Hindi |
| Group B | English/Sanskrit |
| Group C | Ancient Indian History/Arab Culture/ History |
| Group D | Economics |
| Group E | Physical Education/Philosophy |
| Group F | Poltical Science |
| Group G | Sociology/Anthropoloby |
| Group H | Psychology/Education |

विषयों का चयन निम्न शर्तों के अधीन है–

1. प्रत्येक ग्रुप से एक ही विषय का चयन किया जा सकता है।
2. मेजर के रूप में आवंटित विषय को माइनर के रूप में नहीं लिया जा सकता है।
3. जिस ग्रुप में से मेजर विषय लिये गये हैं उस ग्रुप से माइनर विषय नहीं लिया जा सकता है।

**2. B.Sc /बी0एससी0 (बायो)**

महाविद्यालय में विज्ञान संकाय में केवल बायो ग्रुप के अध्ययन की सुविधा है। छात्रायें मानवशास्त्र तथा रसायन शास्त्र में कोई एक विषय चुन सकती है :–

1. Anthropology/Chemistry
2. Botany
3. Zoology

**3. B.Com. / बी0कॉम** स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम है। इसमे सभी विषय अनिवार्य है। कोई विकल्प नहीं है।

**Group-A**

1. Micro Economics
2. Currency, Banking & Exchange

**Group-B**

1. Essential of Management

**Group-C**

1. Accounting
2. Business Organization

बी0काम0 में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट कामर्स या समकक्ष परीक्षा (व्यवसायिक / वोकेशनल पाठ्यक्रम) या अर्थशास्त्र या गणित में से किसी एक विषय के साथ सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 40% अंक होना चाहिए एवं अनुसूचित जाति / जनजाति श्रेणी के लिए न्यूनतम प्राप्त अंक 33% अनिवार्य है।

## 4. Post Graduate/परास्नातक

M.A. (Hindi)

## 5. No. of Seats

| Faculty | No. of Seats |
|---|---|
| B.A. | 560 |
| B.Sc. | 100 |
| B.Com | 80 |
| M.A.(Hindi) | 60 |

## 6. FEES

महाविद्यालय में प्रत्येक कक्षा के अनुसार दिए जाने वाले शुल्क का विवरण निम्नलिखित है:–

| | | |
|---|---|---|
| ★ | B.A. I | 3403/- |
| | B.A. II | 2888/- |
| | B.A. III | 2888/- |
| | B.Sc. I | 5158/- |
| | B.Sc. II | 4608/- |
| | B.Sc. III | 4368/- |

| | |
|---|---|
| B.Com I | 13500/- |
| B.Com II | 13000/- |
| B.Com III | 13000/- |
| M.A. I & II | 5300/- |
| B.A. I, II and III Extra Fees with Anthropology | 240/- |
| B.A. I, II and III Extra Fees with Psychology | 1200/- |

## Note

B.Com Fee Can Be Submited in two installments . Second installment must be submited before 1st Sem. Exam.

## Form Fee 2025-26

| | |
|---|---|
| B.A. | 800/- Each |
| B.Sc. | 800/- Each |
| B.Com. | 800/- Each |
| M.A. | 800/- Each |

नोट : महाविद्यालय में एक बार जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा एवं लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क में वृद्धि होने पर बढ़ा हुआ शुल्क छात्रा द्वारा देय होगा।

# प्रवेश सम्बन्धी दिशा – निर्देश

## प्रवेश का नियम :

1. विषयों के चयन का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्राओं का है।
2. विभिन्न कक्षाओं में **प्रवेश मेरिट तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमों** के अनुरूप किया जाएगा।
3. महाविद्यालय में प्रत्येक विषय की छात्र संख्या निर्धारित है।
4. प्रवेश समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
5. महाविद्यालय के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी समय प्रवेश नियमों में परिवर्तन व संशोधन कर सकता है।
6. महाविद्यालय से फार्म प्राप्त करने तथा जमा करने मात्र से ही प्रवेश पाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
7. **नारी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज की छात्राओं को प्रवेश में 5 अंको की छूट दी जायेगी।**
8. **सभी कक्षाओं में आरक्षण, निर्धारित नीति तथा नियमों के आधार पर होगा**। अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ किसी एक ही श्रेणी में प्राप्त होगा।

## प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक तथ्य :

1. महाविद्यालय से समय–समय पर घोषित तिथि में छात्राओं को फार्म प्राप्त एवं जमा करना है।
2. प्रवेश सम्बन्धी जानकारी महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर लगा दी जायेगी, जिसे देखने के पश्चात प्रवेश सुनिश्चित करने का दायित्व स्वयं अभ्यर्थी का होगा।
3. बी.ए. / बी.काम / बी.एस सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश की इच्छुक छात्राओं को प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने के पश्चात काउन्सलिंग के समय भरे हुये आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न करने होंगे।

a. हाईस्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि।

b. इण्टर की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति।

c. जाति प्रमाण–पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त) की प्रमाणित प्रतिलिपि (आरक्षित वर्ग के लिए)

d. खेलकूद, एन0सी0सी0, भूतपूर्व सैनिक तथा स्वतंत्रता सेनानी वर्ग के मान्य प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि(यदि हो)

e. चरित्र प्रमाण–पत्र।

f. व्यक्तिगत रूप से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि।

4. एम.ए. हिन्दी में प्रवेश के लिए बी0ए0 की तीनों वर्षों की अंकतालिका की प्रमाणित प्रतिलिपि तथा उपयुक्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतिलिपि।
5. मेरिट सूची घोषित होने के पश्चात महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों पर छात्राओं का काउन्सिलिंग के लिये स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।
6. काउन्सिलिंग के समय छात्राओं को ऊपर लिखे गये सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
7. **महाविद्यालय की वेबसाइट** www.narishikshaniketanpgcollege.com **के द्वारा शुल्क का भुगतान** ऑनलाइन / इन्टरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / यू.पी.आई. द्वारा 02 दिन के अन्दर जमा करना होगा अन्यथा प्रवेश निरस्त हो जायेगा। उनके स्थान पर मेरिट सूची में आने वाले अगले प्रतीक्षित अभ्यर्थियों को प्रदान कर दिया जायेगा।
8. बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम की द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं का परीक्षाफल घोषित होने के पश्चात **07**

**दिन के अन्दर वेबसाइट या सूचनापट्ट पर घोषित** तिथि को अपना प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

9. छात्राओं को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0) परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

नोट : अपूर्ण प्रवेश–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## अन्य आवश्यक सूचनायें :–

**1.** छात्राओं हेतु 75% उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सत्र 2025–26 से महाविद्यालय में समस्त छात्राओं के लिए ऑनलाइन Atendance की व्यवस्था की गई है। प्रवेश के पश्चात छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा परीक्षा फार्म नहीं भरने दिया जायेगा। पूरे सत्र में छात्राओं की सभी कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

2. आन्तरिक मूल्यांकन में उपस्थिति के अंक सम्मिलित किये जायेंगे।

3. यह नियम लेक्चर, ट्यूटोरियल तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं पर अलग–अलग लागू होगा। उपस्थिति कम होने पर छात्राओं को परीक्षा देने से रोका जा सकता है। छात्रायें कक्षायें आरम्भ होने के पश्चात् सभी विषयों के रजिस्टर में तत्काल अपना नाम अंकित करा लें।

**4.** **यूनीफार्म :** सभी छात्राओं का महाविद्यालय की निर्धारित यूनीफार्म में आना अनिवार्य है। छात्रायें अपनी यूनीफार्म कहीं से भी प्राप्त कर सकती हैं।

**यूनीफार्म इस प्रकार हैं:–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुर्ता | : | हल्का बैंगनी | दुपट्टा | : | शेड्ड, नीला+हल्का |
| बॉटम | : | नीला | स्वेटर | : | नीला या नीला बलेजर |
| कोटी | : | नीला | | | |

5. **अनुशासन :** महाविद्यालय में आन्तरिक अनुशासन बनाए रखने के लिए छात्राओं और प्रवक्ताओं के सहयोग से प्रोक्टोरियल बोर्ड गठित किया जाता है। समस्त छात्राओं और अभिभावकों से अनुरोध है कि महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।

महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखना प्रत्येक छात्रा का दायित्व है। प्रत्येक छात्रा के पास महाविद्यालय का पहचान पत्र (ID Card) पुस्तकालय पहचान पत्र (Library Card) होना अनिवार्य है।

## छात्रवृत्ति सम्बन्धी आवश्यक निर्देश :–

1. छात्रवृत्ति समय समय पर प्रसारित शासनादेशों में विहित नियमों के अन्तर्गत प्रदान की जाती है।

2. महाविद्यालय में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 के दिशा निर्देशों के आधार पर जुलाई से ऑनलाइन भरे जाते हैं। छात्राएँ समाज कल्याण विभाग की साइट Scholarship.up.nic.in पर दिशा निर्देश प्राप्त कर सकती हैं और महाविद्यालय के सूचनापट्ट पर यह सूचना लगा दी जाएगी। छात्रवृत्ति आवेदन हेतु निम्नलिखित प्रमाण पत्र आवश्यक है। आय/जाति प्रमाण–पत्र नवीनतम होने चाहिए।

(1) हाईस्कूल का प्रमाण–पत्र (2) इण्टर की मार्कशीट (3) निवास प्रमाण – पत्र (4) जाति प्रमाण – पत्र (5) आय प्रमाण – पत्र (6) आधार प्रमाण – पत्र

# SCHOLARSHIP / AWARDS

- **Sudha Prakash Memorial Scholarship** for Undergraduate Student.
- UP Post-matric Scholarship by Social welfare Department for economically backward students.
- **Padma Shri Mona Chandravati award :** Highest marks obtained in the Arts faculty, Science faculty and Commerce faculty respectively.
- **Award** for highest marks obtained in B.A., B.Sc, & B.Com.
- **Dr. Asha Gupta** Memorial Award for the highest marks obtained in M.A.(Hindi).
- **Medals** for highest marks obtained in all subjects in B.A. III.
- **Shri Ashok Kumar Agarwal** Memorial Running Trophy for best team in Inter Collegiate Debate Competition.
- **Smt. Sushila Devi Agarwal** Memorial Running Trophy for Inter Collegiate Volleyball Tournament for girls.
- **Shri Pradeep Kumar Agarwal** Memorial Running Trophy for Inter Collegiate Quiz Competition.
- **Award** for best player.
- **Award** for best Volunteer (in each unit) (N.S.S.)
- **Award** for best cadet. (N.C.C.)
- **Award** for best volunteer (Proctorial Board)
- **Award** for best artist in Cultural Activity.
- **Award** Dr. Anil Kumar Agarwal Memorial award for highest marks in under graduation.
- **Award** for best Library user.

## MANAGING COMMITTEE MEMBERS

| | | |
|---|---|---|
| 01. | Smt. Suman Puri | President |
| 02. | Smt. Piya Krishna | Founder Representative |
| 03. | Sri. Neeraj Pathak | Manager |
| 04. | Smt. Nandini Patni | Asstt. Manager |
| 05. | Sri P. N. Bhargava | Treasurer |
| 06. | Sri Mudit Agarwal | Asstt. Treasurer |
| 07. | Sri Manoj Nagrath | Asstt. Treasurer |
| 08. | Sri Jaideep Mathur | Member |
| 09. | Sri U.S. Halwasiya | Member |
| 10. | Prof. Azra Bano (Principal) | Ex-Officio Member |
| 11. | Teacher Representative | Member |
| 12. | Teacher Representative | Member |
| 13. | Teacher Representative | Member |
| 14. | Teacher Representative | Member |
| 15. | Class III Representative | Member |

## ANTI RAGGING CELL (रैगिंग विरोधी प्रकोष्ठ)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को रैगिंग विरोधी बनाने के उद्देश्य से यह प्रकोष्ठ कार्यरत है। किसी भी छात्रा के रैगिंग में लिप्त पाये जाने पर उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार की जायेगी। इस सम्बन्ध में शपथ पत्र प्रवेश के समय छात्रा एवं अभिभावक को हस्ताक्षर करके जमा करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में यू0जी0सी0 की टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1800–180–5522 है। विस्तृत जानकारी www.ugc.ac.in पर भी प्राप्त की जा सकती है।

# College Staff

## PRINCIPAL

| | | |
|---|---|---|
| Prof. Azra Bano | Professor | M.A., Ph.D. (Economics) |

## TEACHING FACULTY

## FACULTY OF ARTS

### Ancient Indian History & Archaeology

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Vandana Sant | Professor | M.A., NET, Ph.D. |
| Dr. Aisha Fatmi | Professor | M.A., NET, Ph.D. |
| Dr. Sunita | Associate Prof. | M.A., NET, Ph.D. |

### Anthropology (Art & Science)

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Vibha Agnihotri | Professor | M.A., NET, JRF, Ph.D. |
| Dr. Neha Singh | Assistant Prof. | M.Sc., NET, JRF, D.Phil. |

### Arab Culture

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Razia Parveen | Professor | M.A.(Arab Culture & Hindi), NET, B.Ed., Ph.D. |

### Economics

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Azra Bano | Professor | M.A., Ph.D. |
| Dr. Divya Pal | Assistant Prof. | M.A., NET, Ph.D. |

### Education

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Sunita Singh | Professor | M.A.(Psychology & Hindi), M.Ed., M.Phil, Ph.D. |
| Mrs. Kirti Sharma | Assistant Prof. | M.Sc(Bot.), M.A. (Edu.), NET-JRF |

### English

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Divya Pande | Professor | M.A., NET, Ph.D., PGCTE |
| Mrs. Richa Chand | Assistant Prof. | M.A., NET, M.Phil. |

### Hindi

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Indu Kannaujia | Assistant Prof. | M.A., M.Phil., NET, Ph.D. |
| Dr. Antima Chaudhary | Assistant Prof. | M.A., B.Ed., NET-JRF, PGDJMC, Ph.D., |

### History

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Neeta | Professor | M.A., NET, Ph.D. |

### Philosophy

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Indu Kumari (Retired) | Associate Prof. | M.A., Ph.D. |
| Post Vacant - 01 | | |

## Physical Education

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Mamta Dogra | Professor | MPEd, Diploma in Cricket Coaching (NIS), NET, Ph.D. |

## Political Science

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Vandana Upreti | Professor | M.A., B.Ed., Ph.D. |
| Dr. Suman Mishra | Professor | M.A., Ph.D. |

## Psychology (Self-Finance)

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Anurakti Chaturvedi | Assistant Prof. (Part-Timer) | M.A., Ph.D. |

## Sanskrit

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Sarita Srivastava | Assistant Prof. (Part-Timer) | M.A., Ph.D. |
| Post Vacant - 01 | | |

## Sociology

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Sunita Kumar | Professor | M.A.,B.Ed., NET, JRF-ICSSR, Ph.D. |
| Dr. Satya Mishra | Professor | M.A., NET, Ph.D. |
| Dr. Aparna Sengar | Professor | M.A., NET, Ph.D. |

# FACULTY OF SCIENCE

## Botany

| | | |
|---|---|---|
| Ms. Shipra | Assistant Prof. | M.Sc., B.Ed., NET |
| Ms. Kanchan Yadav | Assistant Prof. | M.Sc., B.Ed., CSIR:NET-JRF |

## Chemistry

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Ruchi Saxena | Professor . | M.Sc., Ph.D., JRF-DST, PDF-Imutran Laboratories, Dept. of Surgery University of Cambridge, United Kingdom |
| Dr. Neerja Shukla | Assistant Prof. | M.Sc.,CSIR-NET, D.Phil, P.D.F. |
| Dr. Siddhi Jaiswal | Assistant Prof. | M.Sc., CSIR-NET, Ph.D |

## Zoology

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Seema Singh | Professor | M.Sc., SLET, NET, Ph.D. |
| Dr. Jyoti Singh | Assistant Prof. | M.Sc., NET, Ph.D. |
| Ms. Akanksha Verma | Assistant Prof. | M.Sc. B.Ed., NET |

# FACULTY OF COMMERCE (Self Finance)

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Sabahat Shamim | Assistant Prof. | M.Com., Ph.D., MBA. |
| Dr. Neetu Mishra | Assistant Prof. | M.Com., Ph.D. |
| Mrs. Sheema Abbas | Assistant Prof. | M.Com., NET, C.A. (Inter) |

## Office Staff

| | |
|---|---|
| Sri Upendra Kumar Verma | Accountant |
| Sri. Girija Shanker Dwivedi | Routine Clerk |

| | |
|---|---|
| Sri. Rajesh Chandra Srivastava | Routine Clerk |
| | Computer Operator Cum Clerk |

## Library

| | |
|---|---|
| Ms. Nutan Srivastava | Library Clerk |

## Lab Assistants

| | |
|---|---|
| Mrs. Urmila Kumari | Botany |
| Dr. Rashmi Mishra | Anthropology |
| Mrs. Shashi Verma | Chemistry |

## Non-Teaching Staff

| | |
|---|---|
| Smt. Prema Devi | Book Lifter |
| Sri. Brijesh Kumar | Peon |
| Smt. Gayatri Devi | Aaya |
| Sri. Krishna Kumar | Peon |
| Sri. Heera Lal | Lab. Attendant |
| Smt. Sunita Devi | Lib. Attendant |
| Sri. Anil Kumar Yadav | Lab. Attendant |
| Sri. Jai Singh | Lab. Attendant |
| Sri. Vinod Kumar | Chowkidaar |
| Sri. Ram Singh | Maali |
| Sri. Sourabh | Sweeper |

# ACADEMIC CALENDAR

| | |
|---|---|
| Principal’s Address | 01 August |
| Independence Day | 15 August |
| Fresher’s Welcome | September (First Week) |
| Student Election | September (Fourth Week) |
| Teacher’s Day | 5th September |
| Hindi Diwas | 14th September |
| Founder’s Week | November (First Week) |
| NSS Camp | December (Third Week) |
| Annual Function | January (Second Week) |
| Republic Day | 26th January |
| Student Farewell | February (Third Week) |

# स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवश्यक सूचनाएं

* सत्र 2025-26 से महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य होगा कि वे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नम्बर (LURN) के लिये पंजीकरण करें। पंजीकरण शुल्क रु. 100/- ऑनलाइन भुगतान द्वारा देय होगा। LURN प्राप्त करने के पश्चात ही अभ्यर्थी महाविद्यालय का प्रवेश फार्म ऑनलाइन माध्यम से भरेंगी।

छात्रायें महाविद्यालय की वेबसाइट www.narishikshaniketanpgcollege.com Fill Online Admission Form 2025-26 पर फीस जमाकर आवेदन फार्म भर सकती हैं।

**प्रवेश सम्बन्धी समस्त सूचनाएं तथा परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित होने पर तिथि बढ़ाई जा सकती है, जिसके लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.narishikshaniketanpgcollege.com तथा सूचनापट देखें।**

**आवेदनकर्ता अपना रजिस्ट्रेशन नं० डाल कर मेरिट लिस्ट चैक करें और Prospectus ध्यानपूर्वक पढ़ कर सभी Documents काउंसिलिंग के लिए तैयार कर लें।**

**ऑनलाइन फॉर्म भरने में या फीस जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522 4041116 या Email- kshelpmail@gmail.com पर प्रातः 9:30 से सांय 5.00 तक संपर्क कर सकते हैं.**

## प्रवेश फार्म भरने से पहले निर्देश अवश्य पढ़ें

1— छात्रा के लिए अति आवश्यक है कि इस महाविद्यालय में प्रवेश पाने के उपरान्त प्रवेश फार्म मे दिया गया मोबाइल नम्बर तीन वर्ष तक (Admission से Degree लेने तक ) Change नहीं करेंगी।

2— छात्रा इस Specimen Form को देखकर ही इण्टरनेट पर सही—सही भरकर ऑनलाइन सबमिट करें।

3— यदि किसी अभ्यर्थी के **इण्टरमीडिएट / स्नातक परीक्षा में निर्धारित न्यूनतम अर्हता से कम अंक हैं तो वह अभ्यर्थी किसी भी सूरत में आवेदन न करें। यदि किसी कारणवश Technical Error के कारण छात्रा का फार्म ऑनलाइन सबमिट हो जाता है तो भी ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के पास छात्रा का फार्म निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। यदि किसी भी कारण से उक्त छात्रा प्रवेश पाने में भी सफल हो जाती है, तब भी छात्रा का प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा और छात्रा द्वारा शुल्क को वापिस माँगने या किसी प्रतिपूर्ति का अधिकार भी अमान्य होगा। इस सन्दर्भ में महाविद्यालय से सम्पर्क न करें।**

LURN ____________

# Nari Shiksha Niketan P.G. College, Lucknow

**(Established 1963)**

**Admission Form : 2025-26**

(For B.A./B.Sc./B.Com., M.A. Hindi)

Upload Latest Coloured Photo (only 50 kb)

Course : [BA/ BSc/ B.Com/ MA]

Year/Semester : [I/ II/ III/ IV/ V/ VI]

Stream/Group : [Arts/ Commerce/ Science]
M.A. (Hindi)

Candidate Name (English) :

Candidate Name (Hindi) :

Date of Birth : [dd/mm/yyyy]

Contact No. *(It should be exist till to complete course)*:

Gender : [Male/ Female/ Third Gender]

Email-Id :

Nationality :

State :

Religion : [ Hindu/ Muslim/ Sikh/ Christian/ Baudh .......]

Category A : [Gen/ OBC/ SC/ ST/ सवर्ण आरक्षण]

B : रजिस्ट्रेशन / प्रमाणपत्र संख्या ...................................

Caste :

Weightage Category : [PH/ College Staff/ LU Staff/...NA]

Father's Name :

Family Annual Income :

Mother's Name :

Local Guardian :

Father/Guardian's Mobile No.:

Father's Occupation :

Mother's Occupation :

Computer Literate : Yes / No

NAD Id. :

SPECIMEN FOR ONLINE APPLICATION
ऑन लाइन फार्म भरने के लिए नमूना

Year Gap after Inter :
*(If Any)*
Year Gap after Graduation :
*(If Any)*
Aadhar Card No. : ......................................or Enrolment No. For Aadhar Card ...................

**Address** Same As

Local Address : Permanent Address :

Pin Code : Pin Code :
Nearest Railway Station : Nearest Railway Station :

**Academic Qualification**

| Qualification | Board/Uiversity | Roll No. | S.No. of Marksheet | Passing Instt. | Subject | Year |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 10th or Equivalent | | | | | | |
| 12th or Equivalent | | | | | | |
| Others **(Class of Last Passing Year)** | | | | | | |

| Max. Marks | Marks Obtained | Marks(%) | Result/Div.(I/II/III/Pass/EBP) |
|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 |

Applying Subject for Present Year (Only for B.A. and B.Sc.)

| Major Subject -1 | Major Subject -2 | Minor Subject -1 |
|---|---|---|
| Subjects/ **NA** | Subjects/ **NA** | Subjects/ **NA** |

SPECIMEN FOR ONLINE APPLICATION
ऑन लाइन फार्म भरने के लिए नमूना

काउंसिलिंग के समय अभिभावक तथा छात्रा के द्वारा हस्ताक्षरित महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तों के पालन सम्बन्धी निम्नलिखित घोषणा पत्र जमा करें ।

## घोषणा पत्र

1. मैंने व मेरे अभिभावक ने ब्रोशर एवं महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश सम्बन्धी नियमों को भली भाँति पढ़ लिया है तथा उनमें उल्लिखित सभी शर्तें मुझे/मेरे अभिभावक को स्वीकार हैं। शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में मेरा प्रवेश निरस्त किये जाने/विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित किये जाने के लिए महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

छात्रा का हस्ताक्षर ......................................... अभिभावक का हस्ताक्षर .........................................
दिनांक : ........................................ दिनांक : ........................................

# महाविद्यालय गीत

कर्म भूमि से ज्ञान भूमि ये मर्म भूमि आन की।

मोना चन्द्र की तपस्थली ये फलित हुई वरदान सी।

पर्ण भूमि प्रसाद बनी अब राजभवन सी चमकी।

जो बोई सबने फुलवारी वो सुरभि हो महकी।

कण–कण याद दिलाता हमको अनुपम कार्य महान की।

सूर्य किरन बन ज्योतित करके तम को दूर भगाया।

फैलाया आलोक जगत में जागृति शंख बजाया।

शिक्षा–दीक्षा पाकर निर्भय बनी पूर्ण मन कामसी।

भारत हीं नहीं विश्व भर में है खिली यहाँ की कलिकायें।

अगणित आलय सजा रहीं है मन मोहक मालायें।

हस्ताक्षर हैं वे भविष्य के गौरवपूर्ण विधान की।

कर्म भूमि ये ज्ञान भूमि ये मर्म भूमि एक आन की।